सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य-मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) बिहार और मध्य प्रदेश के राज्यों को दूरदर्शन के उपग्रह ट्रांसमिशन द्वारा पूर्णरूप से कवर किया गया है, जिसे उपयुक्त डिस एन्टीना के जरिए प्राप्त किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त दूरदर्शन की स्थलीय कवरेज द्वारा बिहार और मध्य प्रदेश को क्रमशः 92.8% और 64.6% के रूप में कवर किया गया है;

(ख) जी हां।

(ग) स्थलीय विधि द्वारा कवरेज में और वृद्धि करने के उद्देश्य से बिहार राज्य में विभिन्न शक्तियों के 20 टी० वी० ट्रांसमीटर कार्यान्वयनाधीन/स्थापित किए जाने हेतु परिकल्पित हैं बशर्ते पर्याप्त संसाधन और अन्य आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हों।

External services of Akashvani

3443. SHRI T. VENKATRAM REDDY: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether Government have formulated any scheme to strengthen the external services of Akshvani and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO): (a) and (b) Yes, Sir. The scheme includes upgradation of the power of some of the existing transmitters being used for this purpose as well as the setting up of additional transmitters during the Eighth Plan period.

राष्ट्रीय गान

3444. श्री जनेश्वर मिश्र :

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 13 जनवरी 1995 के "नवभारत टाइम्स" नई दिल्ली में "दूरदर्शन अब राष्ट्रगान को बेच रहा है" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है; और

(ख) यदि हां तो सरकार ने इस संबंध में क्या कार्यवाही की है और उसका तथ्यगत ब्यौरा क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य-मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) और (ख) सरकार को संदर्भित समाचार मद की जानकारी है तथापि, यह कहना सही नहीं है कि दूरदर्शन राष्ट्रीय गान को बेच रहा है जैसा कि समाचारपत्र में आरोप लगाया गया है। इसके द्वारा राष्ट्रीय अखण्डता, पर्यावरण आदि जैसे सार्वजनिक महत्व के मुद्दों पर विविधिज्ञ दिखाई जाती रही है और किसी एजेंसी द्वारा इस प्रकार की फिल्मों को निःशुल्क उपलब्ध कराए जाने पर उसके लिए श्रेय-स्वरूप एक पंक्ति देना परम्परा रही है। तथापि, दूरदर्शन द्वारा अब निर्णय लिया गया है कि अब से राष्ट्रीय अखण्डता के विषय पर लोक सेवा फिल्में केवल लोक सेवा संचार परिषद् के लोगों के अन्तर्गत टेलीकास्ट की जायेंगी।

मुद्रण पत्रकारिता के मार्ग में बाधाएं

3445. श्री जनेश्वर मिश्र :

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देश के पत्रकारों एवं प्रेस फोटोग्राफरों पर विदेशी दूतावासों का तथा अन्य विदेशी संगठनों का दबाव दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है;

(ख) क्या सरकार को यह भी जानकारी है कि नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट और दिल्ली जर्नलिस्ट एसोशिएशन ने किसी विशिष्ट चीनी राजनयिक पर भारत की मुक्त पत्रकारिता में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है;